# Haryana Government Gazette

## EXTRAORDINARY

Published by Authority


© Govt. of Haryana

No. 39-2024/Ext.] CHANDIGARH, THURSDAY, MARCH 7, 2024 (PHALGUNA 17, 1945 SAKA)

**हरियाणा सरकार**

परिवहन विभाग

**अधिसूचना**

दिनांक 7 मार्च, 2024

**संख्या 17/10/2011–3टी(ाा).–** चूंकि, स्टेज कैरिज स्कीम, 2016 का उपांतरित प्रारूप, हरियाणा सरकार, परिवहन विभाग, अधिसूचना संख्या 17/10/2011–3टी(ाा), दिनांक 27 जुलाई, 2023 द्वारा उक्त अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से तीस दिन की अवधि की समाप्ति से पूर्व मोटर यान अधिनियम, 1988 (1988 का केंद्रीय अधिनियम 59) की धारा 102 की उप–धारा (1) के अधीन यथा अपेक्षित इसके द्वारा प्रभावित होने वाले सम्भावित सभी व्यक्तियों से आक्षेप और सुझाव आमंत्रित करने के लिए प्रकाशित किया गया था;

और चूंकि, उक्त प्रारूप अधिसूचना के संबंध में जन साधारण से प्राप्त आक्षेपों और सुझावों पर राज्य सरकार द्वारा विचार किया गया है;

अब, इसलिए, उक्त अधिनियम की धारा 102 की उप–धारा (1) के उपबन्धों के अनुसरण में, हरियाणा के राज्यपाल, इसके द्वारा, राज्य परिवहन उपक्रमों के लिए हरियाणा सरकार, परिवहन विभाग, अधिसूचना संख्या 17/10/2011–3टी(ाा), दिनांक 17 फरवरी, 2017 द्वारा जारी की गई स्कीम को उपांतरित करते हैं तथा उक्त धारा की उप–धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इसे राजपत्र में प्रकाशित करते हैं, अर्थात्:–

**उपांतरित स्कीम**

हरियाणा सरकार, परिवहन विभाग, अधिसूचना संख्या 17/10/2011–3टी(ाा), दिनांक 17 फरवरी, 2017 में,–

1. पैरा 2 में, खंड (i) और (ii) के स्थान पर, निम्नलिखित खण्ड प्रतिस्थापित किए जाएंगे, अर्थात्:–

"(i) राज्य में अनुसूची में उल्लिखित मार्गों और क्षेत्र में स्टेज कैरिज परमिट राज्य परिवहन उपक्रम या किसी व्यक्ति, सोसाइटी, फर्म या कंपनी को प्रदान किए जाएंगे;

(ii) परमिट राज्य सरकार द्वारा नियत निबन्धनों और शर्तों के अनुसार प्रदान किए जाएंगे। अधिकतम परमिटों को निम्नलिखित मानदण्ड और रीति के अनुसार अनुसूची में वर्णित प्रत्येक मार्ग पर प्रदान किए जा सकते हैं:–

I. प्रत्येक मार्ग पर 'अधिकतम परमिट' दो भागों का योग होगा, प्रथम 'न्यूनतम परमिट' तथा द्वितीय 'मांगा गया परमिट' कहा जाएगा।

II. प्रत्येक मार्ग के लिए "न्यूनतम परमिट" निम्नलिखित रीति में अवधारित किए जाएंगे:–

(1) प्रत्येक जिले में निम्नलिखित सदस्यों से मिलकर बनने वाली एक समिति गठित की जाएगी, अर्थात्:–

(क) जिला परिवहन अधिकारी–एवं–सचिव, प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण : अध्यक्ष;

(ख) संबंधित जिले के हरियाणा राज्य परिवहन का महाप्रबंधक : सदस्य;

(ग) जिला परिवहन अधिकारी–एवं–सचिव, प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण के कार्यालय में पदस्थ द्वितीय वरिष्ठतम अधिकारी : सदस्य–सचिव;

(घ) जिला परिवहन अधिकारी–एवं–सचिव, प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण द्वारा जिले के निजी संचालकों में से नामनिर्दिष्ट दो प्रतिनिधि : सदस्य।

(2) समिति निम्नलिखित कारकों को ध्यान में रखते हुए राज्य परिवहन प्राधिकरण को प्रत्येक मार्ग पर न्यूनतम परमिटों की संख्या की सिफारिश करेगी, अर्थात्:–

(क) मार्ग के कुल परिचालन घण्टे;

(ख) मार्ग पर एक वापसी चक्कर पूरा करने में लगने वाला समय, जिसमें औसत व्यवहार्य गति, स्टॉप की संख्या और प्रत्येक स्टॉप पर औसत स्टॉपेज शामिल होगा, जिसमें वापसी चक्कर बिंदु भी शामिल है;

(ग) दिन के विभिन्न समयों पर लगातार दो यात्राओं की शुरुआत के बीच का अंतर;

(घ) मार्ग पर सड़कों की स्थिति;

(ड.) मार्ग पर बस अड्डों पर बोर्डिंग प्वाइंट की उपलब्धता;

(च) निजी परमिट धारकों के साथ–साथ राज्य परिवहन उपक्रमों को मार्ग पर पहले से ही दिए गए परमिटों की संख्या;

(छ) लिखित में दर्ज किया गया कोई अन्य कारण।

(3) जिले की समिति जिसकी अधिकारिता में मार्ग निकलता है, सिफारिश करती है।

(4) किसी मार्ग के न्यूनतम परमिट की सिफारिश करते समय, समिति खण्ड (xi) में यथा वर्णित अनुपात को ध्यान में रखते हुए पहले भाग में राज्य परिवहन उपक्रमों को दिए जाने वाले और दूसरे भाग में निजी संचालकों को दिए जाने वाले परमिटों को दो भागों में उल्लेख करेगी। प्रत्येक मार्ग का न्यूनतम परमिट इन दो भागों का कुल योग होगा। स्पष्ट संख्या की गणना के लिए, गणितीय पूर्णांकन का उपयोग किया जाएगा।

III. अनुसूची में प्रत्येक मार्ग के लिए 'न्यूनतम परमिट' समिति द्वारा की गई सिफारिशों पर विचार करने के बाद राज्य परिवहन प्राधिकरण द्वारा नियत किए जाएंगे। समिति द्वारा की गई सिफारिशों से किसी विचलन की दशा में तो राज्य परिवहन प्राधिकरण को लिखित में इसके कारणों को दर्ज करेगी।

IV. किसी मार्ग के न्यूनतम परमिटों को ऐसे किसी मार्ग के मांगे गए परमिटों को निर्धारण से पूर्व राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से राजपत्र में अधिसूचित किया जाएगा।

V. प्रत्येक मार्ग के लिए मांगे गए परमिट निम्नलिखित रीति में अवधारित किए जाएंगे, अर्थात्:–

(क) किसी मार्ग के मांगे गए परमिट, आवेदकों द्वारा मार्ग की मार्केट की संभावना के आकलन पर राज्य परिवहन प्राधिकरण द्वारा नियत किए जाएंगे।

(ख) मांगे गए परमिट की गणना समान या अधिक आवेदकों द्वारा न्यूनतम परमिट से अधिक संख्या में मांगे गए परमिटों के रूप में की जाएगी। उदाहरणार्थ, मार्ग पर नियत न्यूनतम परमिट 10 हैं, किन्तु 12 या उससे अधिक आवेदक, मार्ग के अधिकतम परमिटों का आकलन और मांग कम से कम 12 करते हैं, तो मार्ग पर मांगे गए परमिट 2 नियत किए जाएंगे।

(ग) यदि कोई आवेदक अपने आवेदन में अधिकतम परमिट के अपने निर्धारण के आंकड़े का उल्लेख करने में विफल रहता है, तो यह मार्ग पर किसी भी आवेदक द्वारा उल्लिखित अधिकतम परमिट की उच्चतम संख्या के बराबर माना जाएगा।

VI. प्रत्येक मार्ग के न्यूनतम परमिट, मांगे गए परमिट और अधिकतम परमिट को ऐसे मार्ग पर किसी भी आशय–पत्र या परमिट देने से पूर्व राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से राजपत्र में अधिसूचित किया जाएगा।

VII. राज्य सरकार, इस स्कीम में वर्णित शर्तों के अध्यधीन, न्यूनतम परमिट, मांगे गए परमिट और अधिकतम परमिट को नियत करने के लिए स्कीम के अधीन आवेदन करने और परमिट प्रदान करने हेतु एक निष्पक्ष प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के लिए किन्हीं भी निबन्धनों तथा शर्तों को जारी करने हेतु सक्षम होगी।

VIII. परिवहन विभाग का प्रशासकीय सचिव न्यूनतम परमिटों, मांगे गए परमिटों और अधिकतम परमिटों की अधिसूचना के लिए अनुमोदन देने हेतु सक्षम होगा।

IX. राज्य परिवहन प्राधिकरण, राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से, प्रत्येक तीन वर्ष के बाद, अनुसूची में वर्णित किसी भी मार्ग पर न्यूनतम परमिट की संख्या को पुनरीक्षित कर सकता है और स्कीम में दिए गए मांगे गए परमिट तथा अधिकतम परमिट अवधारित करने हेतु नए आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे।

X. राज्य परिवहन उपक्रमों और निजी संचालकों के बीच विभाजित किए जाने वाले न्यूनतम परमिटों, मांगे गए परमिटों और अधिकतम परमिटों का अनुपात 50:50 होगा।

XI. मौजूदा परमिट धारकों को परमिट देने के लिए निम्नलिखित सिद्धांतों का पालन किया जाएगा, अर्थात्:–

(क) प्राथमिकता केवल उस जिले के भीतर से निकलने वाले मार्ग पर दी जाएगी जहां मौजूदा परमिट धारक वर्तमान में काम कर रहा है। किसी भी मौजूदा परमिट धारक को उस जिले के बाहर किसी भी मार्ग पर कोई प्राथमिकता नहीं दी जाएगी जहां वह वर्तमान में काम कर रहा है;

(ख) किसी भी मार्ग पर मौजूदा परमिट धारक को उन मार्ग पर प्राथमिकता की उच्च प्राथमिकता दी जाएगी जिस पर वह आवेदन जमा करवाते समय वैध परमिट धारक है;

(ग) प्राथमिकता का क्रम एक बस के मार्ग पर संचालित होने वाले दिनों की संख्या पर अवधारित किया जाएगा। संचालन के दिन जितने अधिक होंगे उतनी ही अधिक प्राथमिकता होगी;

(घ) बस के संचालन के लिए दिनों की संख्या की गणना के प्रयोजन के लिए उन दिनों की संख्या, जिनमें परमिट रद्द या निलंबित रहता है और उस अवधि के लिए, कोई कर देय रहता है, को प्राथमिकता प्रदान करने के लिए दिनों की कुल संख्या की गणना करते समय निकाल दिया जाएगा;

(ङ) यदि किसी मार्ग को उपांतरित किया जाता है, संचालन के दिनों की गणना के प्रयोजन के लिए किसी भी पहले वाले मार्ग को उसी मार्ग के रूप में माना जाएगा, यदि पहले वाला कोई मार्ग पच्चतर प्रतिशत विचाराधीन मार्ग के समान था;

(च) यदि मौजूदा परमिट धारकों, जो अपने मार्गों पर प्राथमिकता प्राप्त करने में असमर्थ हैं या जिनके मार्गों को समाप्त या उपांतरित कर दिया गया है या वह किसी मार्ग पर आवेदन करता है, तो उन्हें नए आवेदक की तुलना में प्राथमिकता का उच्च क्रम दिया जाएगा, किन्तु उन मौजूदा परमिट धारकों की तुलना में कम प्राथमिकता दी जाएगी जिनके मार्ग प्राथमिकता देने के उद्देश्य के अन्दर आते हैं;

(छ) यदि किसी मार्ग पर आवेदनों की संख्या उस मार्ग पर 'अधिकतम परमिटों' से अधिक है, तो जिला परिवहन अधिकारी एवं सचिव, प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण द्वारा जिले के हरियाणा रोडवेज के महाप्रबंधक और मार्ग पर आवेदकों की उपस्थिति में निकाले जाने वाले ड्रा ऑफ लॉटस द्वारा निर्णय लिया जाएगा।

XII. परमिट के निबन्धनों और शर्तों की अननुपालन और/या इस स्कीम विनिर्दिष्ट शर्तों के किसी भंग की दशा में, स्टेज कैरिज परमिट धारक, मोटरयान अधिनियम, 1988 (1988 का केन्द्रीय अधिनियम 59), हरियाणा मोटर वाहन कराधान अधिनियम, 2016 (2016 का 24) और उक्त अधिनियमों के अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अधीन दिए गए परमिटों के रद्दकरण/निलम्बन के लिए दायी होगा।

2. स्कीम के पैरा 3 के स्थान पर, निम्नलिखित पैरा प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:–

"3 इस स्कीम में दी गई किसी बात के होते हुए भी, शहरी बस सेवा स्कीम, 2004 के अधीन जारी किए गए परमिट, उक्त स्कीम के निबन्धनों और शर्तों के अनुसार वैध और संचालित होंगे।"।

3. स्कीम के पैरा 3 के बाद, निम्नलिखित पैरे जोड़े जाएंगे, अर्थात्:–

"4. किसी भी स्टेज कैरिज बस को तब तक चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी जब तक यह केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 के नियम 125ज के उपबन्धों के अनुसार वाहन की अवस्थिति का पता लगाने वाली युक्ति और एक या अधिक आपात बटनों से सज्जित या फिटिड न हो और सभी वर्तमान परमिट धारकों को राजपत्र में अंतिम अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से तीस दिन की अवधि के भीतर अपने वाहन को वाहन की अवस्थिति का पता लगाने वाली युक्ति और एक या अधिक आपात बटनों से सज्जित या फिटिड करवाना होगा।

5. सभी ग्राम सड़कों, ग्रामीण सड़कों तथा अन्य जिला सड़कों पर स्टेज कैरिज का संचालन इस स्कीम के अर्न्तगत शामिल नहीं होगा तथा मोटर वाहन अधिनियम, 1988 (1988 का केंद्रीय अधिनियम 59) के अध्याय V के उपबंधों के अनुसार तथा ऐसे मार्गों पर स्टेज कैरिज परमिट प्रदान करने हेतु राज्य सरकार द्वारा अधिकथित निबन्धनों तथा शर्तों के अनुसार विनियमित होगा।

**व्याख्याः–** इस पैरा के प्रयोजन हेतु, ''ग्राम सड़कों'', ''ग्रामीण सड़कों'' तथा ''अन्य जिला सड़कों'' का अर्थ होगा राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग, मुख्य जिला सड़कों से भिन्न सड़क।''।

4. स्कीम की विद्यमान अनुसूची के स्थान पर, निम्नलिखित अनुसूची प्रतिस्थापित की जाएगी, अर्थात्:–

**''अनुसूची**

| क्रमांक | मार्ग का नाम |
|---|---|
| | **जिला अम्बाला** |
| 1. | अम्बाला शहर से पेहवा वाया मटेहड़ी, नग्गल, ठोल, ईस्माईलाबाद |
| 2. | अम्बाला कैंट से नारायणगढ़ वाया खुड्डा, साहा, शहजादपुर |
| 3. | अम्बाला शहर से सढ़ौरा वाया साहा, मुलाना, दोसड़का |
| 4. | अम्बाला शहर से नारायणगढ़ वाया बलदेव नगर, पंजोखरा, शहजादपुर |
| 5. | अम्बाला शहर से जगाधरी वाया साहा, मुलाना, दोसड़का |
| 6. | नारायणगढ़ से यमुनानगर वाया काला अम्ब, सढ़ौरा, बिलासपुर, राम खेड़ी, जगाधरी |
| 7. | अम्बाला शहर से लाडवा वाया अम्बाला कैंट, शाहबाद, बाबैन |
| 8. | अम्बाला शहर से पिपली वाया अम्बाला कैंट, शाहबाद |
| 9. | अम्बाला शहर से रायपुररानी वाया मनक, टाबरा |
| 10. | अम्बाला कैंट से कालका वाया बरवाला, पंचकुला |
| | **जिला भिवानी** |
| 11. | भिवानी से सिवानी वाया बापोड़ा, बिरण, तोशाम, झांवरी, सरल, छपार, मिराण |
| 12. | भिवानी से गोहाना वाया कालूवास, चांग, सिसर, महम, खेड़ी, निन्डाना, बैंसी, लाखनमाजरा, चिड़ी, कथूरा, भंडेरी, उल्हाना |
| 13. | बी.आर.सी.एम. कॉलेज बहल से हिसार वाया झुप्पा, सिवानी, गंगवा |
| 14. | तोशाम से हिसार वाया खानक, नलवा, कंवारी, भोजराज, मीरकां, डाबड़ा |
| 15. | सतनाली से तोशाम वाया जड़वा, श्यामपुरा, नन्दा, हसास, बाढड़ा, गोपी, काकड़ौली, जुई, कैरू, सुंगरपुर, चंदावास, दुलहेड़ी |
| 16. | लोहारू से भिवानी वाया टोडाढाणी, गिगनाऊ, गोठढ़ा, झांझड़ा, सिंघानी, डिगावा, कुड़लवास, पोकरवास, जुई, गोलागढ़, ढाणी शंकर, लहलाना, लोहानी |
| 17. | भिवानी से हांसी वाया जाटूलोहारी, बवानी खेड़ा, अलखपुरा मोड़, जीता खेड़ी, मिलकपुर, सिकन्दरपुर |
| 18. | भिवानी से हांसी वाया जाटूलोहारी, बवानी खेड़ा, पुरसिवाडा, कुंगड़, भैणी, सोरखी, गढ़ी |
| 19. | सिवानी से लोहारू वाया बखतावरपुर, मोहिला, शेरपुरा, कालोद, गुड़ा, देवास, ईसरवाल, रोढा, हसान, ढाणी ओबरा, बड़दू, बुढेड़ा, मनफरा, खरकड़ी, सिंघानी, गिगनाऊ |
| 20. | बाढड़ा से बहल वाया कारीधारणी, नकीपुर, चैहडकलां |
| 21. | भिवानी से तोशाम वाया बापोड़ा, बिरण, सागवान अड्डा |
| 22. | भिवानी से झज्जर वाया बामला, खरक, कलानौर, एस.जे.के कॉलेज, आंवल, कानौर, मसूदपुर, बेरी मोड़ |
| 23. | भिवानी से बाढड़ा वाया देवसर मोड़, सारंगपुर, कालूवाला |
| 24. | भिवानी से अचीना ताल वाया कोट, उमरावत |
| 25. | भिवानी से बवानीखेड़ा वाया खरकड़ी, सुई, बलियाली। |
| 26. | भिवानी से तोशाम वाया देवसर, दिनोद, बजीना, ढाणी माहु, निगाणा। |
| 27. | तोशाम से सिवानी वाया खानक, गारनपुरा, दरियापुर, सहाड़वा, तलवन्डी, रूपाणा। |
| 28. | तोशाम से बहल वाया झांवरी, थीलोड, पाटोदी, कटवार, ईसरवाल, गोपालवास, गोकलपुरा। |
| 29. | लोहारू से बहल वाया गिगनाऊ, गोथड़ा, झांझडा, बरालू, नकीपुर, सिरसी। |
| 30. | तोशाम से झुप्पा वाया झांवरी, थीलोड, पाटोदी, ईसरवाल, बिदवान |
| | **जिला चरखी दादरी** |
| 31. | दादरी से झज्जर वाया समसपुर, मोरवाला, बिलोटा, इमलोटा, छुछकवास, जहाजगढ़। |

| क्रमांक | मार्ग का नाम |
|---|---|
| 32. | दादरी से रोहतक वाया कलानौर, सांवर, बोंदकलां। |
| 33. | दादरी से नारनौल वाया महेन्द्रगढ़। |
| 34. | दादरी से लोहारू वाया आदमपुर, झोझू, बाढड़ा। |
| 35. | बाढड़ा से महेन्द्रगढ़ वाया सतनाली, माधोगढ़। |
| | **जिला फरीदाबाद** |
| 36. | बल्लभगढ़ से सोलरा वाया चंदावली, दयालपुर, छांयसा, मोहना, बागपुर, राजपुर खद्दर, सोलरा। |
| 37. | बल्लभगढ़ से मोहना वाया चंदावाली, मच्छगर, दयालपुर, अताली, मौजपुर, छांसां। |
| 38. | बल्लभगढ़ से अटेरना वाया उचां गांव, साहुपुरा, सुनपेड, डीग, फतेहपुर, जवा। |
| 39. | बल्लभगढ़ से सोताई वाया चंदावाली, मच्छगर, सोताई। |
| 40. | बल्लभगढ़ से शाहबाद वाया वाई.एम.सी.ए., बाटा मोड़, अजरोंदा, ओल्ड फरीदाबाद, खेरीपुल, बोपानी, भाटोला, फरीदपुर, सादपुर, तिगांव, भुआपुर। |
| 41. | बल्लभगढ़ से नाचोली वाया वाई.एम.सी.ए., बाटा मोड़, अजरोंदा, ओल्ड फरीदाबाद, खेरीपुल, भारत कॉलोनी, भुपाणी मोड़। |
| 42. | बल्लभगढ़ से लालपुर वाया वाई.एम.सी.ए., बाटा मोड़, अजरोंडा, ओल्ड फरीदाबाद, वजीरपुर, पलवाली, बाजपुर, रिवाजपुर, भुपानी, ददसिया। |
| 43. | आई.एम.टी. से बदरपुर बॉर्डर वाया बाईपास। |
| | **जिला फतेहाबाद** |
| 44. | भट्टूकलां से हिसार वाया बनवाली, ढांड, चिंदड़, खाराखेड़ी, अग्रोहा |
| 45. | फतेहाबाद से नरवाना वाया बरसीन, भूना, उकलाना, दनोदा |
| 46. | भट्टूकलां से बरवाला वाया किरढान, बनवाली, ढांड, चिंदड़, खाराखेड़ी, अग्रोहा मोड़, नंगथला, खेदड़ |
| 47. | फतेहाबाद से लादूवास वाया अयालकी, अहरवाँ, हमजापुर, रतिया, रत्नगढ़, रोजावाली, ब्राहमणवाला, लठेरा, सरदारेवाला |
| 48. | पिलछिया से फतेहाबाद वाया रत्नगढ़, बलियाला, भोड़ा, खाई, रतिया, हमजापुर, अहरवा, अयालकी |
| 49. | जाखल से फतेहाबाद वाया तलवाड़ा, मयोंदकलां, धारसूल, कुलां, चिम्मो, रतिया, हमजापुर, अहरवां, अयालकी |
| 50. | जाखल से फतेहाबाद वाया तलवाड़ा, शक्करपुरा, धारसूल, कुलां, लहरिया, टिब्बी, भूना, जांडली, झलनिया, बरसीन |
| 51. | टोहाना से हिसार वाया समैण, बिठमड़ा, सूरेवाला चौंक, उकलाना, बरवाला, सरसौद |
| 52. | टोहाना से फतेहाबाद वाया अमानी, भोडियाखेड़ा फतेहपुरी, चंदडखूर्द, चदडकलां, इंदाछुई, बुआन, बोसती, भट्टु ढाणी, डुल्ट, भूना |
| 53. | भूना से हिसार वाया जांडली, मोची चौबारा, गोरखपुर, कुलेरी, अग्रोहा, चिक्कनवास |
| 54. | टोहाना से फतेहाबाद वाया चंदड़, इंदाछोई, बुआन, भूना, जांडली, झलनिया, बरसीन |
| 55. | फतेहबाद से अलींका वाया रतिया, लाली, लालवास, कलोठा |
| 56. | टोहाना से फतेहाबाद वाया जमालपुर, अक्कांवाली, कुलां, ननहेड़ी, चीमों, रतिया, हमजापुर, अहरवां, अयालकी |
| 57. | टोहाना से कैथल वाया कलवां, धमतान साहिब, ढाबी टेकसिंह, पिपलाथा, गढ़, धनौरी, बरटा, नंदसिंहवाला, सांघन, पाडला |
| 58. | फतेहाबाद से आदमपुर वाया बीगड़, बनावाली, ढांड, भोड़िया, सदलपुर |
| 59. | भट्टु से हिसार वाया सूलीखेड़ा, शेखपुर, चब्बरवाल, सदलपुर, किशनगढ़, बरवाला, आदमपुर ढाणी, मोहब्बतपुर, मोडाखेड़ा, धुडसाल, बंगला, काबरेल, सलेमगढ़ |
| 60. | फतेहाबाद से आदमपुर वाया बीगड़, चपलामोरी, धारनिया, भाना, खैरमपुर, कोहली |
| 61. | फतेहाबाद से बिराबदी वाया खानमोहमद, ढाणीटाका, नूरकी अहली, मुसेअसली, नकटा, खुनन |
| 62. | भूना से हिसार वाया बैजलपुर दहमन, नहला, पाबड़ा, बालक, जेवरा, सरसौद, बहबलपुर |
| 63. | भट्टु से बालसमंद वाया सूलीखेड़ा, खाबड़ा, चूली देसवाली, चूलीकलां, चूलीखुर्द, दाडोली, आदमपुर, मोहब्बतपुर ढाणी, मोहब्बतपुर, मोडाखेड़ा, घुडसाल, चौधरीवाली, बुडाक, बालसमंद |
| 64. | टोहाना से नरवाना वाया कनहड़ी, समैण, डबलेन, खडवाल, नहरे |
| 65. | टोहाना से नरवाना वाया कनहड़ी, सुलेहडा, फूलां, दारोडी |
| 66. | टोहाना से जाखल वाया रामपुरा, मूणक, कण्डेल |
| 67. | जाखल से रतिया वाया तलवाडा, सिधानी, चांदपुरा, मुंदलिया बैनपुर, बादलगढ़, बाडा, कमाना |

| क्रमांक | मार्ग का नाम |
|---|---|
| 68. | भूना से बरवाला वाया बैजलपुर, दहमन, नहला, पाबडा, बालक, खेदड़ |
| 69. | भूना से बरवाला वाया खेरी, किनाला, दौलतपुर |
| 70. | बिराबदी से रतिया वाया नागपुर, हडौली, रत्ताखेड़ा |
| | **जिला गुरूग्राम** |
| 71. | सोहना से गुड़गांव वाया भोंडसी, रिठोज, दमदमा, खेडला, बादशाहपुर |
| 72. | पटोदी से कोसली वाया हेलीमण्डी, राजपुरा, गुडाना, नूरगढ़, पाहलावास |
| 73. | फरूखनगर से गुड़गांव वाया चन्दू, पटौदी चौंक, भूतेशवर मंदिर, सामान्य हस्पताल |
| 74. | गुरूग्राम से फरूखनगर वाया वज़ीरपुर |
| 75. | गुरूग्राम से सोहना चुंगी वाया बादशाहपुर, भोंडसी |
| 76. | गुरूग्राम से बल्लभगढ वाया सुखराली, घाटा, मांगर, पाली ज़ोन, सैनिक कॉलोनी मोड़, 3 नम्बर मस्ज़ीद, मुल्ला होटल, के.एल. मेहता कॉलेज (फरीदाबाद), अजरोंदा, गुडईयर |
| 77. | खांडसा से जनौला वाया वजीरपुर, जमालपुर |
| 78. | सोहना से सोहना चौंक गुरूग्राम वाया धुनेला, अलीपुर, धामरोज, भोंडसी, बादशाहपुर, इस्लामपुर |
| 79. | डूंडाहेड़ा से सोहना बस स्टैड वाया गुरूग्राम, इस्लामपुर, बादशाहपुर, भोंडसी, अलीपुर, धामरोज, धुनेला |
| 80. | गुरूग्राम से जोनियावास वाया फरूखनगर |
| 81. | पटौदी से कोसली वाया कुलाना, रोहडाई मोड़ |
| 82. | गुरूग्राम से तावडू वाया बादशाहपुर, भोंडसी, सोहना, शिकोहपुर |
| 83. | गुरूग्राम से पटौदी वाया कादीपुर, हरसरू, वजीरपुर, जमालपुर |
| 84. | पटौदी से पलवल वाया बिलासपुर, तावडू, सोहना, धतीर |
| 85. | गुरूग्राम से सोहना वाया ईस्लामपुर, बादशाहपुर, भोंडसी, अलीपुर |
| 86. | फरूखनगर से रेवाड़ी वाया मेहचाना जाटोली, हेलीमण्डी, पटौदी, खोड़, मौजाबाद |
| 87. | पटौदी से झज्जर वाया कुलाना, माछरौली, दादनपुर, सिलानी |
| 88. | गुरूग्राम बस स्टेंड से ए.आई.आई.एम.एस. बाडसा, बादली, वाया चन्दु–बुढेडा |
| | **जिला हिसार** |
| 89. | हिसार से बहल वाया गंगवा, मुकलान, चौधरीवास, बड़वा, सिवानी, झुम्पा |
| 90. | हिसार से लोहारू वाया गंगवा, मुकलान, चौधरीवास, बड़वा, सिवानी, ईशरवाल, रोढ़ां, हसान, ओबरा, सिंघानी, गिगनाऊ |
| 91. | हिसार से तोशाम वाया डाबड़ा, मिरकां, भोजराज, कंवारी, नलवा, खानक |
| 92. | हिसार से हांसी वाया सातरोड, कैंट, मईयड |
| 93. | हांसी से भिवानी वाया सिकंदरपुर, मिलकपुर, जीताखेड़ी, अलखपुरा मोड़, बवानी खेड़ा, जाटू लोहारी |
| 94. | हिसार से महम वाया बाईपास, मय्यड़, हांसी, मुढाल |
| 95. | हांसी से जींद वाया नारनौंद, राजथल, गुलकनी, रामराय, ईक्कस |
| 96. | हांसी से बरवाला वाया भाटला, चैनत |
| 97. | बरवाला से जींद वाया पनिहारी, खरकपुनिया, खेड़ी चौपटा, मिर्चपुर, ईटंल खुर्द, ईक्कस |
| 98. | हिसार से नरवाना वाया सरसौद, बरवाला, सूरेवाला चौंक, दनौदा |
| 99. | हिसार से टोहाना वाया सरसौद, बरवाला, सूरेवाला चौंक, उकलाना, बिठमड़ा, समैण |
| 100. | बरवाला से भट्टूकलां वाया खेदड़, नंगथला, अग्रोहा मोड, खाराखेड़ी, चिंदड़, ढाण्ड, बनवाली, किरढाण |
| 101. | नरवाना से फतेहाबाद वाया दनौदा, उकलाना, भुना, बरसीन |
| 102. | हिसार से भूना वाया चिक्कनवास, अग्रोहा, कुलेरी, गोरखपुर, मोची चौबारा, जांडली |
| 103. | हिसार से भट्टूकलां वाया अग्रोहा, खाराखेड़ी, चिंदड़, ढाण्ड, मानावाली |
| 104. | हांसी से टोहाना वाया भाटला, चैनत, बरवाला, उकलाना, समैण |
| 105. | आदमपुर से सिवानी वाया शीशवाल, काबरेल, ढोबी, बालसमन्द, सरसाना, बासड़ा, गावड़, बड़वा |

| क्रमांक | मार्ग का नाम |
|---|---|
| 106. | हांसी से जुलाना वाया गढ़ी, भाटोल, बास, मोहला, बड़छप्पर, करेला, झमोला |
| 107. | हांसी से नरवाना वाया सिसाय, मोठ, लोहारी, हैबतपुर |
| 108. | हिसार से हांसी वाया खरड, नियाणा, मिर्जापुर |
| 109. | हांसी से नारनौंद वाया कुम्भा, थुराणा |
| 110. | अग्रोहा से उकलाना वाया कुलेरी, किरमारा, कनोह, पाबड़ा, कन्डूल, खैरी, साहू |
| | **जिला हिसार** |
| 111. | अग्रोहा मोड़ से उकलाना वाया पाबड़ा, कन्डूल, साहू |
| 112. | बरवाला से उचाना वाया गैबीपुर, बोबुआ, लितानी, दुर्जनपुर, काकडोद, उचाना खुर्द, उचाना कलां |
| 113. | बरवाला से उचाना वाया मतलोड़ा, बनभौरी, छान, संदलाना, मखण्ड, भोंगरा |
| 114. | बनभौरी से नगूरा वाया संदलाना, मखण्ड, भोंगरा, उचाना कलां, बडोदा, रोजखेड़ा, गगडिया, बडाला |
| 115. | हिसार से आदमपुर वाया न्योलीकलां, न्योली खुर्द, मातड़श्याम, सलेमगढ़, काबरेल, सीसवाल |
| 116. | हांसी से बवानीखेड़ा वाया गढ़ी, सोरखी, भैणी, खुंगड़, सिवाड़ापुर |
| 117. | हांसी से महम वाया सोरखी, सिसर खरबला, प्रभूवाला, मदनहेड़ी, सिंघवा |
| 118. | हिसार से आदमपुर वाया दुर्जनपुर, काजला, असरवां, कालीरावण |
| 119. | हिसार से ईशरवाल वाया कैमरी, मंगाली, सहाडवा, मिराण। |
| 120. | बरवाला से भूना वाया खेदड़, बालक, चौपटा, पाबड़ा, नहला, बैजलपुर |
| 121. | हिसार से तलवंडी वाया गंगवा, मुकलान, कालूवास, चारनौंद, रावतखेड़ा, पायल |
| 122. | नारनौंद से उचाना वाया बुडाना, राखी, कापड़ो, खेड़ी चौपटा, बुढैंण |
| | **जिला झज्जर** |
| 123. | टिकरी बार्डर से रोहतक वाया बहादुरगढ़, सांपला |
| 124. | झज्जर से चरखी दादरी वाया तलाव, गवालिसन, छुछकवास, इमलोटा, मोरवाला, समसपुर |
| 125. | झज्जर से कोसली वाया जहाजगढ़, छुछकवास, मातनहेल, लडायन, साल्हावास |
| 126. | झज्जर से खरखौदा वाया छारा, सांपला, हसनगढ़ |
| 127. | बहादुरगढ़ से बहुझौलरी वाया दउल्हेड़ा, झज्जर, जहाजगढ़, छुछकवास, मातनहेल, सासरौली, झारली प्लांट |
| 128. | झज्जर से गुड़गांव वाया दादरी तोए, फरूखनगर |
| 129. | बेरी से फरूखनगर वाया झज्जर, दादरी तोए |
| 130. | झज्जर से कनीना वाया गवालिसन, छुछकवास, निवादा, साल्हावास, कोसली |
| 131. | झज्जर से ढांसा बार्डर वाया बादली |
| 132. | सिवाना से ढांसा बार्डर वाया बेरी, झज्जर, बादली |
| 133. | झज्जर से रोहतक वाया बहराना, दीमना, चुलाना, खरड़, कारोर, शिमली |
| 134. | झज्जर से रेवाड़ी वाया सिलानी, सिलाना, कुलाना |
| 135. | बेरी से बहादुरगढ़ वाया दुजाना चौंक, छारा, मातन |
| 136. | झज्जर से बहादुरगढ़ वाया कबलाना, दुल्हेड़ा, माजरा |
| 137. | शेरियां से बहादुरगढ़ वाया मदाना, दुजाना, छारा, मांडोठी |
| 138. | झज्जर से दादरी वाया मोरवाला, समसपुर |
| 139. | कोसली से ढांसा बार्डर वाया बादली, झज्जर, तलाव, रेडूवास, भूरावास, छुछकवास |
| 140. | झज्जर से कोसली वाया रईया, डाबला, कासनी, सुबाना |
| 141. | फरूखनगर से झज्जर वाया याकूबपुर, किलोई मोड़, दादरी तोए |
| 142. | झज्जर से कोसली वाया डाबला, रईया, हसनपुर, कासनी, सुबाना, जटवाड़ा, बिठला, अम्बोली, साल्हावास |
| 143. | बहादुरगढ़ से झज्जर वाया माजरा, ढाबडा, दुल्हेड़ा, कबलाना, भदानी, नेहरू कॉलेज़ |
| 144. | छारा से सोनीपत वाया सांपला, खरखौदा |
| 145. | झज्जर से रोहतक वाया गुढा, दुजाना चौंक, डीघल, करोंथा, शिमली, मायना |
| 146. | लडरावन से झज्जर वाया कानौंदा, बामरौली, बहादुरगढ़, भदानी मोड़, रसलवाला, नेहरू कॉलेज़ |
| 147. | झज्जर से दादरी वाया जहाजगढ़, छुछकवास, मातनहेल, सासरौली, बिरोहड़, सेहलंगा |

| क्रमांक | मार्ग का नाम |
|---|---|
| 148. | साल्हावास से रोहतक वाया बेरी |
| 149. | ढाकला से गुरूग्राम वाया सुबाना, छप्पार, अहरी, कुलाना, लुहारी, हेली मंडी, पटौदी, बिलासपुर चौक |
| 150. | बहादुरगढ़ से खरखौदा वाया कानौदा, लडरावन, सैहदपुर |
| 151. | बहुझोलरी से रोहतक वाया झारली प्लांट, छुछकवास, बेरी |
| | **जिला जीन्द** |
| 152. | पिल्लुखेड़ा से रोहतक वाया धड़ोली, ललितखेड़ा, नंदगढ़, लिजवाना, जुलाना, लाखनमाजरा |
| 153. | जींद से हांसी वाया ईक्कस, रामराय, गुलकनी, राजथल, नारनौंद |
| 154. | नरवाना से नारनौंद वाया उचाना कलां, भौंगरा, बुडायन, कापड़ो, खेड़ी चौपटा, राखी |
| 155. | नरवाना से जींद वाया डूमरखां, सफाखेड़ी, उचाना कलां, खटकड़, झांझ |
| 156. | जींद से बरवाला वाया ईक्कस, ईन्टलखुर्द, मिर्चपुर, खेड़ीचौपटा, खरकपुनिया, पनिहारी |
| 157. | जींद से असंध वाया शाहपुर, कण्डेला, नगूरा, हसनपुर, अलेवा |
| 158. | नरवाना से हिसार वाया दनौदा, सूरेवाला चौंक, बरवाला, सरसौंद |
| 159. | नरवाना से फतेहाबाद वाया दनौदा, उकलाना, भूना, बरसीन |
| 160. | नरवाना से कैथल वाया ढाकल, कलायत, बात्ता, तितरम मोड़ |
| 161. | जींद से पूंडरी वाया निरजन, मनोहरपुर, लोहचब, तलोडा, खेड़ी, डाटरथ, खांडा, अलेवा, राजौंद |
| 162. | सफीदों से कैथल वाया राजौंद, जखौली, तितरम मोड़ |
| 163. | जीन्द से पानीपत वाया पिल्लुखेड़ा जामनी चौक, बुड्डा खेड़ा, सफीदों, मतलौडा, थर्मल प्लांट |
| 164. | जीन्द से गोहाना वाया पिन्डारा, सिंधवी खेड़ा, ललित खेड़ा, भम्भेवा, बरोदी, बुटाना |
| 165. | जीन्द से कलायत वाया झांझ, बरोदी, कहसून, गोगाडियां, छात्तर, मांडी, मटोर |
| 166. | नरवाना से टोहाना वाया इसमाईलपुर, करमगढ़, फुलयां, सुलहेड़ा, कन्हड़ी |
| 167. | उचाना से उकलाना वाया काकडोद, दुर्जनुपर, लितानी, उकलाना मोड़ |
| 168. | उचाना कलां से हिसार वाया काकडोद, लितानी, हसनगढ़, बोबुआ, खरखड़ा, बरवाला, सरसौद, बहबलपुर |
| 169. | उचाना से हिसार वाया बुढैंण, बनभौरी, मतलोडा, बरवाला, सरसोद, बहबलपुर |
| 170. | नरवाना से बनभौरी वाया बडनपुर, मैंगलपुर, काकड़ोद, छान |
| 171. | नरवाना से नंगूरा वाया डुमरखां, सुदखांकलां, कबरचा, अलीपुरा, करसिन्धु, छात्तर, ढाहौला |
| 172. | उचाना से किठाना वाया करसिन्धु, छत्तर, थुआ |
| 173. | नरवाना से राजौंद वाया हथों मोड़, सिसर, सिंधवाल, लोंदर, मण्डी, किठाना, रोहेडा |
| 174. | जीन्द से अलेवा वाया हैबतपुर, दालमवाला, रायचन्दवाला, गोहियां |
| 175. | जुलाना से नारनौंद वाया करेला, उगालन, धर्मखेड़ी, खाण्डा |
| 176. | नरवाना से खरल वाया बेलरखां, हमीरगढ़ |
| 177. | जीन्द से उचाना वाया कन्डेला, शाहपुर, धनखेड़ी, भोंसला, कसून, गोगडीयां, बडौदा |
| 178. | नरवाना से अलेवा वाया डूमरखां, सुदकन, काबरछा, अलिपुरा, करसिन्धु, छात्तर |
| 179. | जीन्द से उचाना वाया जुलानी, दरियावाला, ढाण्डाखेड़ी, जजवान, कोथ, खाप्पड़ |
| 180. | जुलाना से गोहाना वाया लिजवाना, बनवासा, बड़ौदा |
| 181. | उचाना कलां से हिसार वाया काकडोद, लितानी, हसनगढ़, बोबुवा, खरकड़ा, बरवाला, सरसोद, बहबलपुर |
| 182. | जुलाना से भिवानी वाया दोरड़, फरमाणा, महम |
| 183. | जुलाना से हांसी वाया करेला, बड़छप्पर, बास, बटौल, गढ़ी |
| 184. | नरवाना से कलायत वाया बेलरखां, उझाना, गढ़ी, धनौरी, कोयल, कुराड़ |
| 185. | नरवाना से टोहाना वाया फरैन कलां, नेहरा, खरड़वाल, समैण, कन्हड़ी |
| 186. | जींद से ढिगाना वाया सिंधवी खेड़ा, राधना, ललितखेडा |
| | **जिला कैथल** |
| 187. | कैथल से असंध वाया तितरम मोड़, जखौली, राजौंद |

| क्रमांक | मार्ग का नाम |
|---|---|
| 188. | राजौंद से पेहवा वाया पाई, पुन्डरी, फरल, ढाण्ड, बटेड़ी |
| 189. | खरकां से पेहवा वाया अगोंध, गुहला, चीका, भागल |
| 190. | कैथल से चीका वाया सीवन, कांगथली, पीडल |
| 191. | पुन्डरी से करनाल वाया बरसाना, हाबड़ी, सिरसल, बदनारा, निसिंग |
| 192. | कैथल से निसिंग वाया पुन्डरी |
| 193. | पुन्डरी से कुरूक्षेत्र वाया फरल, ढाण्ड |
| | **जिला कैथल** |
| 194. | कैथल से नरवाना वाया तितरम मोड़, बात्ता, कलायत, ढाकल |
| 195. | ढाण्ड से करनाल वाया कौल, सीतामाई, काछवा |
| 196. | कैथल से टोहाना वाया पाड़ला, सांघन, नन्दसिंहवाला, बरटा, धनौरी, गढ़ी, पिपलथा, ढाबीटेकसिंह, धमतान साहिब, कालवन |
| 197. | कैथल से नंगूरा वाया तितरम मोड़, किठाना |
| | **जिला करनाल** |
| 198. | करनाल से जठलाना वाया घीड़, गढ़ी बीरबल, गुमथला |
| 199. | करनाल से रादौर वाया समोरा, इन्द्री, लाडवा |
| 200. | करनाल से मंगलोरा पुल वाया शेखपुरा, नगला मेघा चौंक |
| 201. | करनाल से ढाण्ड वाया नीलोखेड़ी, निगदू, कौल |
| 202. | करनाल से पेहवा वाया काछवा, सीतामाई, कौल, ढाण्ड |
| 203. | करनाल से ब्रास वाया निसिंग |
| 204. | करनाल से असंध वाया चिड़ाव मोड़, जुंडला, जलमाणा |
| 205. | करनाल से पुन्डरी वाया मंजूरा, निसिंग, रसीना |
| 206. | करनाल से शाहबाद वाया नीलोखेड़ी, पिपली |
| 207. | असंध से कैथल वाया राजौंद, जखौली, तितरम मोड़ |
| 208. | असंध से पानीपत वाया सालवन, बल्ला, मुनकपुल, कोहण्ड |
| 209. | असंध से पानीपत वाया सफीदों, मतलौडा |
| 210. | इन्द्री से पेहवा वाया भादसों, पिपली, कुरूक्षेत्र, ज्योतिसर |
| 211. | करनाल से सांम्भी, वाया रमाणा |
| 212. | करनाल से सोलो वाया भैंणी, सुल्तानपुर कुडक |
| 213. | कुंजपुरा से करनाल |
| 214. | करनाल से नडाना वाया उचाना, झंझाड़ी, भैणीखुर्द, सुल्तानपुर, तरावडी |
| 215. | करनाल से लाडवा वाया बैरसाल |
| 216. | करनाल से मतलोडा वाया मूनक, रेरकलां, धर्मगढ़ चौक |
| 217. | निसिंग से असंध वाया डाचर, चोरकारसा, उकलाना |
| 218. | असंध से पूंडरी वाया राहड़ा, बाकल, रमाणा, बरसाना, हजवाना |
| | **जिला कुरूक्षेत्र** |
| 219. | कुरूक्षेत्र से ठोल वाया धुराला, झांसा |
| 220. | पेहवा से बाबैन वाया ज्योतिसर, कुरूक्षेत्र, पिपली, रामपुरा, कोल्हापुर, मरचेहड़ी |
| 221. | लाडवा से अम्बाला शहर वाया बाबैन, शाहबाद, अम्बाला कैंट |
| 222. | पेहवा से अम्बाला शहर वाया ईस्माईलाबाद, ठोल, नग्गल, मटहेड़ी |
| 223. | कुरूक्षेत्र से यमुनानगर वाया मथाना, लाडवा, रादौर, दामला |
| 224. | पेहवा से कुरूक्षेत्र वाया ज्योतिसर |
| 225. | पेहवा से रादौर वाया ज्योतिसर, कुरूक्षेत्र, पिपली, मथाना, लाडवा |
| 226. | शाहबाद से करनाल वाया पिपली, नीलोखेड़ी |
| 227. | पेहवा से शाहबाद वाया मलिकपुर, कैंथला, बचकी, माण्डी, भुस्थला, झांसा, सलपानी, मदनपुर |
| | **जिला नारनौल** |
| 228. | महेन्द्रगढ़ से रिवाड़ी वाया कनीना |

| क्रमांक | मार्ग का नाम |
|---|---|
| 229. | नारनौल से दादरी वाया महेन्द्रगढ़ |
| 230. | नारनौल से कोसली वाया फैजाबाद, सिहमा, दोंगड़ा, सुंदराह, कनीना |
| 231. | अटेली से महेन्द्रगढ़ वाया गुज्जरवास, कलावड़ी, दोंगड़ा अहीर, भान्डोर |
| 232. | नारनौल से कोसली वाया बाछोड़, सिहमा, अटाली, दोंगड़ा अहीर, सुंदराह, कनीना |
| | **जिला नूंह** |
| 233. | तावडू से फिरोजपुर झिरका वाया नूंह, बडखली चौंक, माण्डी खेड़ा |
| 234. | पिंनगवा से पलवल वाया शिकरावा, ऊटावड़ चौक, हथीन, रतिपुर |
| 235. | तावडू से पटौदी वाया छरोड़ा, नूंह, उजिणा, मलाई, ऊटावड़ चौक |
| 236. | तावडू से पलवल वाया सोहना, धतीर |
| | **जिला पलवल** |
| 237. | होडल से सोहना वाया बनचारी, मुंडकटी, मानपुर, कोंडल, गहलब, हथीन, जैनपुर, मिंडकोला, इंद्री |
| 238. | होडल से हसनपुर वाया खिड़बी, भिरूकी |
| 239. | पलवल से हसनपुर वाया बामनी खेड़ा, डिघोत, पिंगोड़, खाम्बी, लिक्खी |
| 240. | मोहना से सोलरा वाया बागपुर |
| 241. | पलवल से सोहना वाया आल्हापुर, अमरू, दुधौला, कलवाका, गांगोली, हरचन्दपुर |
| 242. | पलवल से धारूहेड़ा वाया धतीर, सोहना, तावडू |
| 243. | पलवल से हसनपुर वाया रोनीजा, रसूलपुर, बड़ौली, अछेजा, कुसक, बिलोचपुर, कासीपुर, मुर्तजाबाद |
| 244. | पलवल से बल्लभगढ़ वाया बघोला, ततारपुर, प्याला, झाडसेतली |
| 245. | पलवल से होडल वाया बामनीखेड़ा, मीकरोन, मानपुर, सियोली, मुडंकटी, महरौली, खंडी गोडोता |
| 246. | होडल से नूंह वाया सोंध नागल जाट, बहीन, ऊंटावड़ चौक, मलाई, भीरनकी, उजीना |
| 247. | पलवल से नूंह वाया गेलपुर कर्ण, महेशपुर, मंडकोला, किरा, उजीना |
| 248. | होडल से बड़कली चौक वाया बोराका, निमका, पुन्हाना, इंदाना कोठी, लाहवास, पिन्गुआं, नसीरपुर, मडोरा |
| 249. | ऊंटावड़ से पटौदी वाया मलाई, जीना, नूंह, तावडू, पडथेनी, बिलासपुर, भोराकलां |
| 250. | पलवल से हसनपुर वाया रोनिजा, रसूलपुर, जुलवाड़ी, अमरोली, चवननंगला, सालाहेड़ी |
| | **जिला पानीपत** |
| 251. | पानीपत से बरसत वाया तहसील कैंप, बिचपड़ी, खोतपुरा, पुन्डरी, फरीदपुर |
| 252. | पानीपत से भंभेवा वाया मतलौडा, सफीदों, हाट, हाडवा, गांगोली, मोरखी |
| 253. | पानीपत से महम वाया ईसराना, गोहाना, आहुलाना, भण्डेरी, कथूरा, चिड़ी, लाखनमाजरा, खेड़ी |
| 254. | पानीपत से असंध वाया मतलौडा, सफीदों |
| 255. | पानीपत से गोहाना वाया नौलथा, बलाना, माण्डी, काकोदा |
| 256. | इसराना से पानीपत वाया डाहर |
| 257. | पानीपत से कुंडली बार्डर वाया समालखा, गन्नौर, बहालगढ़ |
| 258. | पानीपत से असंध वाया कोहंड, मुणक पुल, बला, सालवन |
| 259. | पानीपत से असंध वाया सालवन, अंटा फार्म, बड़ोद, डीडवाड़ा, सफीदों, डयोड खेड़ी |
| 260. | पानीपत से चुलकाना वाया समालखा |
| 261. | पानीपत से असंध वाया गोली माजरा, सालवन |
| 262. | पानीपत से बहादुरगढ़ वाया नाहरा, लाडरावन |
| | **जिला पंचकूला** |
| 263. | पंचकूला से साहा वाया कोट, बरवाला, मौली, शहजादपुर, पतरेहड़ी |
| 264. | पंचकूला से नारायणगढ़ वाया कोट, बरवाला, रायपुररानी |
| 265. | कालका से अम्बाला कैंट वाया पंचकुला, बरवाला, मौली, जटवाड़, हण्डेसरा, बलदेवनगर |
| 266. | कालका से खेतपराली वाया ओल्ड पंचकूला, पंचकुला बस स्टैंड, रामगढ़ |

| क्रमांक | मार्ग का नाम |
|---|---|
| 267. | पंचकुला से मोरनी वाया पिन्जौर |
| | **जिला रेवाड़ी** |
| 268. | राजगढ़ से रिवाड़ी वाया भारंगी, भाड़ावास |
| 269. | रिवाड़ी से मानेसर वाया हंसाका, जोनावास, मसानी, धारूहेड़ा, बिलासपुर |
| 270. | कनीना से रिवाड़ी वाया दाहिना, बुडोली, नंगली, मंडी, साहरनवास |
| 271. | रिवाड़ी से फर्रूखनगर वाया मुंडलिया, खोड़, पटौदी, हेलीमण्डी, महचाना |
| | **जिला रेवाड़ी** |
| 272. | रिवाडी से फर्रूखनगर वाया मुंडलिया, खोड, पटौदी, हेलीमण्डी, खनडेवला |
| 273. | रिवाड़ी से खालेटा वाया हरि नगर, चौकी नं0 11, मायन |
| 274. | रिवाड़ी से भोजावास वाया खोरी, कुण्ड, नंगल, गोमला |
| 275. | रिवाडी से कोसली वाया बेरली कलां, तुमना |
| 276. | कोसली से नारनौल वाया नाहर, लुक्खी, कनीना, मोहनपुर, सिहमा, फैजाबाद |
| 277. | दाहिना से कुण्ड वाया मंडौला, खोल |
| 278. | कोसली से कनीना वाया गुडयानी, जाटूसाना, बेरली कलां, मोठला कलां, कनवाली, दाहिना |
| 279. | रिवाड़ी से अटेली वाया खोरी, पाली, कुंड |
| 280. | रिवाड़ी से खन्दोरा वाया सुलखा |
| 281. | बावल से गुरुग्राम वाया संगवाड़ी, धारूहेड़ा, मानेसर। |
| 282. | रिवाड़ी से बावल वाया काठूवास |
| 283. | रिवाड़ी से महेंद्रगढ़ वाया कुंड, भोजावास |
| 284. | रिवाड़ी से कोसली वाया खुशपुरा, टुमणा, भूरथला |
| 285. | रिवाड़ी से बावल वाया कर्णवास |
| 286. | धारूहेड़ा से बावल |
| 287. | रिवाड़ी बस स्टैंड से मीरपुर |
| | **जिला रोहतक** |
| 288. | रोहतक से भिवानी वाया कलानौर |
| 289. | रोहतक से गोहाना वाया सुखपुरा चौक, ब्राह्मणवास, जसिया, रूखी |
| 290. | रोहतक से भिवानी वाया डोभ, भाली, कलानौर, खड़क, बामला |
| 291. | रोहतक से सोनीपत वाया बोहर, भालौट, कंसाला, हुमायूंपुर, सिसाना, खरखौदा, बैंयापुर, रोहट, कालूपुर चुंगी |
| 292. | रोहतक से खरखोदा वाया भालौट, रूड़की |
| 293. | रोहतक से हांसी वाया बहुअकबरपुर, मदीना, खरकड़ा, महम, भैणी महाराजपुर, सोरखी, गढ़ी |
| 294. | महम से पानीपत वाया खेड़ी, लाखनमाजरा, चिड़ी, कथरूआ, भण्डेरी, अहुलाना, गोहाना, इसराना |
| 295. | रोहतक से टिकरी बार्डर वाया सांपला, बहादुरगढ़ |
| 296. | रोहतक से सफीदों वाया जसिया, गोहाना, जागसी, ऐंचरा, बागड़ू, हाट |
| 297. | रोहतक से इसराना वाया जसिया, गोहाना |
| 298. | रोहतक से दादरी वाया कलानौर, सांवर, बोंद |
| 299. | महम से बहादुरगढ़ वाया मदीना, रोहतक, सांपला |
| 300. | महम से हिसार वाया मुंढाल, हांसी, मैय्यड़ बाई पास |
| 301. | माजरा से रोहतक वाया दुबलधन, बेरी, कबूलपुर, टिटौली, बालंद, सुनारियां |
| 302. | रोहतक से झज्जर वाया कन्हेली, शिमली, करौंथा, डीघल, दुजाना, गुढा |
| 303. | रोहतक से बादली वाया सांपला रोहद, माडौठी, भूपनिया |
| 304. | रोहतक से गोहाना वाया ब्राह्मणवास, जसिया, घिलौड, रूखी, माहरा |
| 305. | रोहतक से सांपला वाया भैंसरू, समचाना, कन्साला, भालौठ, किलोई, लाढ़ोत |
| 306. | रोहतक से कोसली वाया डीघल, बेरी, जहाजगढ़, छुछकवास, मातनहेल, साल्हावास |
| 307. | रोहतक से बहुझोलरी वाया डीघल, बेरी, जहाजगढ़, छुछकवास, मातनहेल, सासरौली, झाड़ली प्लांट |

| क्रमांक | मार्ग का नाम |
|---|---|
| 308. | रोहतक से बेरी वाया सुनारियां, बालंद, टिटौली, कबूलपुर |
| 309. | रोहतक से दूबलधन माजरा वाया डोभ, मरौधी, बालम, काहनौर, चिमनी |
| 310. | रोहतक से रिठाल वाया ब्राह्मणवास, जसिया, काहनी |
| 311. | रोहतक से रिंढाणा वाया लाखन माजरा, नांदल, धनाना |
| | **जिला रोहतक** |
| 312. | रोहतक से खिड़वाली वाया सुंदरपुर, टिटौली |
| 313. | रोहतक से खरेंटी वाया सुंदरपुर, भगोतीपुर, चंडी, लाखनमाजरा |
| 314. | रोहतक से निडाना वाया समर गोपालपुर |
| | **जिला सिरसा** |
| 315. | डबवाली से बणी वाया भोरगढ़, सकता खेड़ा, अबूबशहर, सुकेरा खेड़ा, गिदड़ खेड़ा, गंगा, कालूआना, बचेर |
| 316. | डबवाली से ऐलनाबाद वाया अलीका, मसीता, मटदादू, मौजगढ़, गोरीवाला, बीजूवाली, केहरवाला, सादेवाला, ढुडियांवाली, जीवन नगर, बुढीमेड़ी चौंक |
| 317. | सिरसा से ऐलनाबाद वाया भम्बूर, नानकपुर, ओटू, हबोली, रानियां, जीवन नगर, बुढीमेड़ी चौंक, प्रताप नगर |
| 318. | डबवाली से जोतांवाली वाया शेरगढ़, सकता खेड़ा, लोहगढ़ |
| 319. | डबवाली से मातड़ वाया मांगेआणा, हैबुआना, पन्नीवाला रूलदू, पाना, पिपली, जगमालवाली, कालांवाली, तरूआना, त्रिलोकेवाला, फग्गू, देसुखुर्द, थीराज, भीमा मलड़ी, रोड़ी |
| 320. | सिरसा से रतिया वाया मोरीवाला, भावदीन मोड़, डिंग मोड़, करनौली, अहलीसदर, हजरावां, नूरकी, चांदकोठी, हडोली |
| 321. | सिरसा से चौटाला वाया खैरेकां, पांजुआना, साहुवाला, पन्नीवाला मोटा, घुकियांवाली, नुईयांवाली, गोरीवाला, गंगा, आसाखेड़ा |
| 322. | सिरसा से ऐलनाबाद वाया रामनगरीया, भंम्बूर, मंगाला, माधोसिंघाना, मलेका, उमेदपुरा, मेहना खेड़ा, भुरतवाला, पोहड़का |
| 323. | सिरसा से बनी वाया रामनगरीया, भंम्बूर, नानकपूर, ओटू, हबोली, रानिया, भडोलांवाली, नकोड़ा मोड़, जीवन नगर, संतनगर, दमदमा, करीवाला |
| 324. | सिरसा से डबवाली वाया खैरेकां, पांजुआना, साहुवाला, पन्नीवाला मोटा, ओढां, चोरमार खेड़ा, मिठड़ी, खुईया मलकाना, सावंत खेड़ा, डबवाली गांव |
| 325. | सिरसा से बनी वाया खैरेकां, पंजुआना, शेखपुरिया, जोधपुरिया, खारिया, कुस्सर, ढुडियांवाली, बाहिया |
| 326. | सिरसा से नथौर वाया खैरेकां, पंजुआना, खारिया, भूना, चक्का, केहरवाला, मत्तड़, बचेड़ |
| 327. | कालांवाली से रानिया वाया चकरियां, ओढां, घुकांवाली, खाई शेरगढ़, खारिया, मंगालिया, नानुआना |
| 328. | सिरसा से रोड़ी वाया खरैकां, सहरणी, नेजाडेला, बप्पा, चकबणी, नागोकी, अलीकां, ढाणी दिलबागसिंह, लहंगेवाला |
| 329. | सिरसा से बरूवाली वाया वैद्यवाला, सिकन्दरपुर, रसूलपुर, दडबी, भरोखां |
| 330. | सिरसा से कालांवाली वाया खैरेकां, सहारनी, नेजाडेला, चकबंनी, बप्पा, झिरी, बीरूवाला गुढ़ा, झोरड़ रोही, थीराज, देसू खूर्द, फग्गू, कुरंगावाली, त्रिलोकेवाला, तरूआना |
| 331. | सिरसा से फतेहाबाद वाया बजेकां मोड़, फूलकां, ताजिया, शेरपुरा, गदली, डिंग मंडी, डिंग मोड़, दरियापुर |
| 332. | डबवाली से कालांवाली वाया सावंत खेड़ा, दीवान खेड़ा, खुईयां मलकाना, मतदादू, मलिकपुर, किंगरे, जंडवाला, चोरमारखेड़ा, सालमखेड़ा, ओढां, चकरियां |
| 333. | सिरसा से कालांवाली वाया खैरेकां, पंजुआना, साहूवाला, छतरिया, बड़ागुढा, सूबा खेड़ा, सुखचैन, खतरावा, त्रिलोकेवाला |
| 334. | सिरसा से कालांवाली वाया खैरेकां, पंजुआना, साहूवाला, छतरिया बड़ागुढा, दौलतखेड़ा, लकड़ांवाली, गदराना |
| 335. | सिरसा से राजपुरा साहनी वाया रगड़ी, धिंगतानिया, बकरियावाली, गुडिया खेड़ा, दुकडा, जमाल, जूतियाना, जोडकिया, रामपुर ढिल्लों |
| 336. | सिरसा से बचेर वाया पंजुआना, साहुवाला, करमगढ़, भग्गर, खाई शेरगढ़, चक्का केहरवाला, ममड, नथोर |
| 337. | सिरसा से कुतियाना वाया रंगरी खेड़ा, धिंगतानिया, बकरियांवाली, गुडियाखेड़ा मोड़, डुकरा, जमाल |
| 338. | डबवाली से कालांवाली वाया गांव डबवाली, जोगेवाला, देसू जोध, फुल्लो, किंगरे, नारंग, हाश, देसू मलकाना |

| क्रमांक | मार्ग का नाम |
|---|---|
| | **जिला सोनीपत** |
| 339. | गोहाना से गन्नौर वाया खानपुर कलां, शामड़ी, बजाना, पुगथला, खुबड्रू, सहुआ मोड़, गुंमड़ |
| 340. | गोहाना से गन्नौर वाया मुंडलाना, शाहपुर, बुवाना, पुगथला, खुबड्रू, झाल, सहुआ मोड़, गुंमड़ |
| 341. | गोहाना से भिवानी वाया अहुलाना, भण्डेरी, चिड़ी, लाखनमाजरा, भैंसी, निढ़ाणा, खेडी, महम, सिसर, चांग, कालूवास |
| | **जिला सोनीपत** |
| 342. | गोहाना से भिवानी वाया अहुलाना, भण्डेरी, कथूरा, चिड़ी, लाखनमाजरा, भैंसी, निढ़ाणा, खेडी, महम, सिसर, चांग, कालूवास |
| 343. | गोहाना से खरखौदा वाया फरमाना, सिलाना |
| 344. | गोहाना से सोनीपत वाया बड़ौता, मोहाना, बड़वासनी |
| 345. | गोहाना से पानीपत वाया मुंडलाना, इसराना, नौल्था |
| 346. | गोहाना से जींद वाया बुटाना, भम्भेवा, पिंडारा |
| 347. | सोनीपत से बहादुरगढ़ वाया रोहट, खरखैादा, आसौदा |
| 348. | गन्नौर से गोहाना वाया सहुआ, कैलाना, खानपुर कलां, गामड़ी |
| 349. | सोनीपत से गोहाना वाया पुगथला, बजाना खुर्द, गामडी, चिड़ाना, मुंडलाना |
| 350. | सोनीपत से खरखौदा वाया रोहट झरौंट |
| 351. | सोनीपत से रोहतक वाया भालौट, रुडकी, जसराना |
| | **जिला यमुनानगर** |
| 352. | यमुनानगर से अम्बाला कैंट वाया दौसड़का, मुलाना, साहा |
| 353. | यमुनानगर से नारायणगढ़ वाया जगाधरी, रामखेड़ी, बिलासपुर, सढ़ौरा, काला अम्ब |
| 354. | यमुनानगर से कुरूक्षेत्र वाया दामला, रादौर, लाडवा, मथाना, पीपली। |
| 355. | सढ़ौरा से शाहबाद वाया दोसड़का, बराड़ा, अधोया |
| 356. | यमुनानगर से ताजेवाला वाया छछरौली, शेरपुर मोड़, प्रतापनगर |
| 357. | यमुनानगर से हफिजपुर वाया जगाधरी, छछरौली, शेरपुर मोड़, प्रतापनगर, कड़कोली, मुजाफत |
| 358. | यमुनानगर से मेघुवाला वाया जगाधरी, छछरौली, शेरपुर मोड़, प्रतापनगर, टिब्बी, राईयां |
| 359. | यमुनानगर से इंद्री वाया दामला, रादौर, लाडवा |
| 360. | सढौरा से अम्बाला शहर वाया दोसड़का, मुलाना, साहा |
| 361. | प्रतापनगर से कुरूक्षेत्र वाया लेदी, बिलासपुर सरस्वती नगर, गजलाना |
| 362. | सढौरा से यमुनानगर वाया पाबनी कलां, जगाधरी |

नवदीप सिंह विर्क
प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार,
परिवहन विभाग।

**HARYANA GOVERNMENT**

TRANSPORT DEPARTMENT

**Notification**

The 7th March, 2024

**No. 17/10/2011-3T(II).—** Whereas, the draft modification of Stage Carriage Scheme, 2016 was published *vide* the Haryana Government, Transport Department, notification No. 17/10/2011-3T(II), dated the 27th July, 2023 as required under sub-section (1) of section 102 of the Motor Vehicles Act, 1988 (Central Act 59 of 1988), in the Official Gazette for inviting objections and suggestions from all persons likely to be affected thereby before the expiry of the period of thirty days from the date of publication of the above said notification in the Official Gazette;